सत्र - 2022-23

Sr No. ______

# शिक्षक दिवस सप्ताह
## ( 05 सितंबर से 10 सितंबर )

दिनांक 05 सितंबर 2022 को महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात प्राचार्या महोदया ने दीप प्रज्वलन से की इसके पश्चात प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षकों को आदर्श बनाकर अनुकरणीय जीवन जीना चाहिए। साथ ही अनुशासनहीनता रोकने का आह्वान किया। आज भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया जिसका विषय "आदर्श गुरु समान जीवन" रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपप्राचार्य डॉ० प्रदीप शर्मा ने डॉ० राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन पर प्रकाश डाला व विभिन्न कहानियों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर N.S.S कार्यक्रम अधिकारिणी श्रीमती रेणु, अंजु, ज्योति संयोगिता, कीर्ति, डॉ R.N त्रिपाठी, डॉ० नफे सिंह श्री बलविंदर, श्री अजय प्रकाश, प्रदीप मान, मनजीत सीमा, विकास, अनिल, एवं अशोक मौजूद थे।

Vinit B.A Final Vinit
Aman B.A IInd year Aman
CHAND B.A Final Chand

Sr No. ______  __/__/__

# शिक्षक दिवस सप्ताह समापन
## 05/09/2022 से 10/09/2022 तक

आज दिनांक 10 सितंबर को महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ॰ तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस सप्ताह का समापन किया गया। 05 सितंबर से 10 सितंबर तक हुई प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र इस प्रकार है।

⇒ भाषण प्रतियोगिता में नेहा, शुभम, खुशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

⇒ कविता पाठ प्रतियोगिता में तानिया, खुशी, मोनिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहीं।

⇒ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में रमन, चैतन्य व दिव्या को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजयी घोषित किया।

⇒ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वाति एवं रमन को विजयी घोषित किया गया।

⇒ विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मोनिका, गौरव, विद्धि को प्रथम भुपेन्द्र, हर्षिता व मानसी को द्वितीय स्वाति, सचिन व कोमल को तृतीय स्थान पर विजयी घोषित किया गया।

प्राचार्या महोदया ने सभी विजयी छात्रों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में N.S.S कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ जयविन्द्र शास्त्री, डॉ अनिल, डॉ॰ विकास डॉ॰ मनजीत, डॉ॰ प्रदीप, डॉ॰ विकास, अशोक, मैडम ज्योति मैडम सीमा, रीनू उपस्थित रहीं। डॉ॰ अजय एवं मैडम रीनू के नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्यक्रम अच्छी तरह से समाप्त हुआ।

Vinit B.A Final — Vinit (signature)

CHAND B.A Final — Chand (signature)

(signature)

# N.S.S. Day

## 24. September

आज दिनांक २४ सितंबर २०२२ को महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में N.S.S Day बड़ी धुम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट वक्ता डॉ० अजय प्रकाश ने सभी को बताया कि कैसे NCC देश कि बाहरी सुरक्षा व N.S.S देश कि आंतरिक सेवा में योगदान देती है। डॉ० अजय प्रकाश ने संक्षेप में अपने N.S.S से संबंधित अनुभव साझा किया। पूर्व स्वयंसेवको व अन्य छात्रों ने अनुभव साझा किए व N.S.S के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता एवं N.S.S कार्यक्रम अधिकारी डॉ० जयविन्द्र शास्त्री ने N.S.S के लक्ष्य, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से बताया। N.S.S कार्यक्रम अधिकारिणी मैडम रीनू ने स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस प्रकार हर्षोल्लास से N.S.S मनाया गया।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand |
| ABHISHEK | B.A IInd | Abhishek |
| Ajay | B.A IInd | Ajay |

[signature]

Vardhman

# पोषण माह (01-30 सितम्बर, 22)

Sr No. ________

आज दिनांक 10 सितंबर को महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में पोषण माह का शुभारंभ किया गया। पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा जिसमें मुख्य कार्यक्रम पोषण पर व्याख्यान, जनजागरण एवं योगा है। आज डॉ० मनजीत कौर ने पोषण पर अपना व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि पोषण सभी के लिए आवश्यक है। आज अधिकतर व्यक्ति संतुलित आहार कि जगह असंतुलित आहार लेते हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने संतुलित आहार के बारे में बताया कि संतुलित आहार वह होता है, जिसमें अ उचित मात्रा में सभी पोषक तत्व विद्यमान हो। इसी के साथ उन्होंने भोजन में क्या-2 खाना चाहिए इन सभी से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी। इसी के अंतर्गत छात्रों एवं स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरण अभियान चलाया गया जिसमें ग्रामीण व्यक्तियों को पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी कड़ी में योगा का भी आयोजन हुआ। जिसमें "शिव समाधान योग केन्द्र" से योग शिक्षक अंकित ने योगा सिखाया एवं पोषण व योगा का महत्व बताया। इसी अवसर पर N.S.S P.O डॉ० जयविन्द्र शास्त्री मैडम रीनू व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand |
| Aman | B.A 2nd | Aman |
| VINIT | B.A final. | Vinit Chopra |

# ORIENTATION

## (03-10-2022)

दिनांक 03-10-2022 को महाविद्यालय में एक दिवसीय आमुखीकरण (ओर्यन्टेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में छात्रों को एन० एस० एस० की स्थापना, उद्देश्य, महत्व, लाभ आदि सभी बिन्दुओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया।

मुख्य संबोधक डॉ जयविन्द शास्त्री रहे (एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी)। विशिष्ट वक्तव्य मैडम रेनु ने छात्रों को देश के विकास में स्वयं सेवकों की भूमिका के विषय में अवगत कराया।

अध्यक्षीय टिप्पणी में प्राचार्या डॉ तनाशा उर्दा ने छात्रों को देश सेवा हेतु प्रेरित और कर्तव्य के बारे में अवगत कराया।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand |
| Majee | B.A 2nd year | majee |
| Aman | B.A 2nd year | Aman |
| Vicky | B.Com final year | vicky |

Vardhman

Sr No.

# कानुनी साक्षरता अभियान रैली

(15 अक्टूबर 2022)

आज दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे "लीगल लिटरेसी सेल" एवं एनएसएस द्वारा नगर मे सामान्य कानून साक्षरता से संबंधित विषय पर रैली निकाली। रैली की शुरुआत प्राचार्य तनाशा हुड्डा ने हरी झंडी दिखाकर की जिसमे सभी स्वयंसेवकों ने जोर शोर से भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर पुरानी अनाज मंडी से नहर पुल होती हुई वापिस महाविद्यालय मे पहुची। इसमे सभी स्वयंसेवकों ने जोर शोर से भाग लिया एवं नगरवासियों को सामान्य अधिकार एवं सामान्य कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। मुख्य वक्ता डॉ अजय प्रकाश ने रैली के बाद छात्रों को बताया कि सभी जन सामान्य एवं छात्रों को सामान्य कानूनों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होने अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होने बच्चों को सामान्य रूप से प्रयोग होने वाले कानूनी अधिकारो से भी अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को महाविद्यालय मे एवं नगर मे प्रयोग किए जाने वाले सामान्य कानून अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयविन्द्र शास्त्री ने बच्चो को महाविद्यालय मे अनुशासन एव कानून व्यवस्था बनाने रखने संबंधित दिशा निर्देश दिए एवं उन्होंने बताया नगर मे कानून संबंधित उनके क्या-क्या अधिकार है एवं उनका प्रयोग कैसे-कैसे किया जा सकता है। उनके नेतृत्व मे रैली का समापन बहुत अच्छी प्रकार से हुआ।

Monika — B.Sc Final — Monika

CHAND — B.A Final — Chand.

Durga — M.A First — Durga

Vardhman

# एक दिवसीय शिविर
(16 अक्टूबर 2022)

आज दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में एनएसएस इकाई द्वारा "एक दिवसीय शिविर" का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयसेवको ने नगर मे "पराली मत जलाओ" विषय पर रैली निकाली, जिसमे सभी स्वयसेवको ने जोर शोर से भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर नाग क्षेत्र तीर्थ फिर पुराना बस स्टैंड एवं महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए महाविद्यालय पहुंची इसमे सभी स्वयंसेवको ने जोर शोर से नारे बोले एवं नगरवासियों को पराली ना जलाओ का संदेश दिया। इसके बाद सभी स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय मे स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमे महाविद्याल मे साफ सफाई की गई। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित पूर्व स्वयंसेवक विजय ने अपने एनएसएस से संबंधित अनुभव साझा किए एवं जो उन्हे एनएसएस से प्राप्त हुआ उसके बारे मे विस्तार से बताया। इसी के साथ उन्होने एनएसएस से होने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके बाद रंगारंग "सांस्कृतिक कार्यक्रम" की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद छात्रों ने नाटक, कविता, नृत्य, गायन, वादन से अपनी प्रतिभा को दिखवाया। नाटक के माध्यम से "पराली मत जलाओ", "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारिणी मैडम रीनू जी ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया, जिसमे उन्होने दिन भर हुए

Sr No. ______

क्रियाकलापों एवं उनके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। तदुपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयविंद्र शास्त्री जी ने अध्यक्षीय टिप्पणी मे सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और सम्पूर्ण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

Vinit Chopra 2478 BA Final Vinit
CHAND 2083 B.A final Chand
Monika B.Sc Final Monika

# मेगा स्वच्छता अभियान

(19/10/22)

आज दिनांक 19 अक्तूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में भारत सरकार के निर्देशानुसार "मेगा स्वच्छता अभियान" चलाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय से सभी प्रकार का कुड़ा - कर्कट एकत्र कर नगरपालिका द्वारा यथास्थान डालना था। इस अभियान के तहत महाविद्यालय से लगभग 300 kg. कुड़ा - कर्कट एकत्र करके नगरपालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर डाला गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय सहायक N.C.C कैडेट, N.S.S स्वंयसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

Monika B.Sc final Monika
CHAND B.A final Chand
Sanyam B.A (Hons) 2nd year Sanyam

Vardhman

Sr No. ______

# स्वच्छता अभियान

(01/10/22 - 31/10/22)

राजकीय महाविद्यालय सफीदों में दिनांक 01/10/2022 से 31/10/2022 तक स्वच्छता अभियान मनाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस अभियान के तहत सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने एक माह तक अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी कड़ी में 15 अक्तूबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी छात्रों को प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया गया। तदोपरांत 19 अक्तूबर को भारत सरकार के निर्देशानुसार मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में प्लास्टिक कागज व अन्य कूड़ा-करकट इकट्ठा कर उचित स्थान पर डाला। इस दिन लगभग 300 kg कूड़ा एकत्रित किया गया। 31 अक्तूबर 2022 को संपूर्ण महाविद्यालय की स्वच्छता के साथ स्वच्छता अभियान का समापन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| Monika | B.Sc Final | Monika |
| CHAND | B.A Final | Chand. |
| Sanyam | B.A (Hons.) 2nd yr. | Sanyam |

[signature]

Vardhman

Sr No.

# राष्ट्रीय एकता दिवस (31/10/22)

आज दिनांक 31 अक्तूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी जयंती के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने की। जिसमें सर्वप्रथम "रन फोर यूनिटी" का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के N.C.C कैडेट्स व N.S.S स्वयंसेवकों द्वारा जन-जागरण अभियान के तहत एकता रैली निकाली। रैली की शुरुवात प्राचार्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जिसका उद्देश्य लोगों में आपसी एकता बनाना तथा सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरो कर राष्ट्र निर्माण करना। तत्पश्चात व्याख्यानमाला कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० जयविन्द्र शास्त्री जी ने "राष्ट्रीय एकता दिवस" आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया कि आज लोग जाति, धर्म, रंग अनेक आधारों पर बंटे हुए हैं, एकता रैली का मुख्य उद्देश्य समाज से भेदभाव दूर करके राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का है इसके अतिरिक्त उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सरदार पटेल जी ने अपने जीवन में संघर्ष कि व खंडित भारतवर्ष को संयुक्त राष्ट्र बनाया। कार्यक्रम अधिकारी मैडम रीनू ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ० प्रदीप व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| CHAND | [signature] | B.A final | Chand |
| Monika | | B.Sc final | Monika |
| Sanyam | | B.A(Hons.) 2nd yr. | [signature] |

Vardhman

Sr No. ______

# नशा मुक्ति अभियान

(11/11/2022)

आज दिनांक 11 नवंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में प्राचार्य तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में "नशा मुक्ति" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डा० तनशा हुड्डा ने की। सफीदों सिटी थाना एस एच ओ सुरेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथी शिरकत की। प्राचार्य ने महाविद्यालय में नशे को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों कि जानकारी दी एवं अनुशासन पालन के उचित निर्देश दिए। S.H.O संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थी जीवन ही जीवन की नींव है जोकि नशे कि गिरफ्त में पड़कर बर्बाद हो रही है। जिससे उनका शारीरिक व मानसिक दोनों स्वास्थ्य खराब होते है। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। N.S.S प्रभारी डॉ० जयबिन्द्र शास्त्री जी ने बताया कि महाविद्यालय में मित्र संगठन बनाया गया है इसमें शामिल सभी छात्र महाविद्यालय के छात्रों को नशे से दूर करने में मदद करते है। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ० प्रदीप शर्मा, प्रदीप मान, डॉ० राजेश, रेनू देवी, मंजू एवं अंजू मौजूद रहे।

| | | |
|---|---|---|
| Chand | B.A Final | Chand |
| Vinit Chopra | B.A. Final | Vinit |
| Sanyam | B.A (Hons) 2nd year | Sanyam |
| Monika | B.Sc. Final | Monika |

Vardhman

Sr No.

# एक दिवसीय शिविर

(13/11/2022)

आज दिनांक 13 नवंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में एनएसएस इकाई द्वारा "एक दिवसीय शिविर" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयविन्द्र शास्त्री जी द्वारा सात दिवसीय शिविर के विशेष प्रशिक्षण देने के साथ की गई, जिसमे उन्होंने शिविर में बनाई जाने वाली विशेष कमेटियों के बारे में चर्चा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया की एक अच्छे लीडर में क्या-क्या गुण होते है। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढाते हुए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर मे श्रमदान का कार्य किया गया जिसमें सम्पूर्ण महाविद्यालय की सफाई की गई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम आरंभ हुआ, जिसमे व्याख्यानमाला कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित योगा शिक्षक अंकित जी ने स्वास्थ्य को सही रखने के लिए प्रतिदिन किए जाने योग्य प्राणायाम एवं योगासनो के बारे मे बताया। उन्होंने शरीर और पंचतत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। एनएसएस प्रभारी श्रीमती रेनू देवी ने अध्यक्षीय टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए सम्पूर्ण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और सभी का कैम्प की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया। अन्त में राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| Monika | B.Sc Final | Monika |
| CHAND | B.A Final | Chand |
| Aman | B.A 2nd | Aman |
| Vinit Chopra | B.A Final | Vinit |

(signature)

Vardhman

Sr No.

# संविधान दिवस

26/11/22

आज राजकीय महाविद्यालय सफीदों में लीगल लिटरेसी सेल एवं एन एस एस द्वारा "संविधान दिवस" के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या तनाशा हुड्डा के द्वारा की गई, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता डॉ० धर्मेंद्र ने शिरकत कि जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण एवं उसके महत्व पर विस्तार पूर्वक बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सामान्य दैनिक जीवन मे प्रयोग होने वाले अनुच्छेदों व अधिकारों के बारे मे भी सभी को जागरूक किया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर जयविन्द्र शास्त्री जी ने बताया कि हमें भारतीय संविधान के अनुरूप ही हमे आदर्शों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए क्योंकि संवैधानिक रूप से कार्य करके ही हम उच्च राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। इसके अतिरिक्त एनएसएस प्रभारी श्रीमती रेनू ने बताया कि प्रतियोगिता मे कुल 10 टीमों ने भाग लिया था जिसमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को उच्च पुरस्कार से नवाजा गया। उक्त कार्यक्रम मे डॉ प्रदीप मान, अजय प्रकाश, एवं श्रीमती कीर्ति उपस्थित रही।

Monika B.sc Final Mautam

CHAND B.A Final Chand

Sr No. ______

# श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव

30/11/22

आज राजकीय महाविद्यालय सफीदों में संस्कृत विभाग एवं एनएसएस इकाई द्वारा "श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव" मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य तनाशा हुड्डा जी ने बच्चों का हौसला बढ़ाकर एवं मार्गदर्शन करके की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। तदोपरांत भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। जिसमे छात्रों ने मधुर वाणी में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने अति सुंदर पोस्टरो का निर्माण किया एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने श्रीमद्भगवद्गीता गीता के अथाह ज्ञान महत्व एवं उसके प्रचार-प्रसार के बारे मे विस्तार से बताया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ जयविन्द्र शास्त्री जी ने बताया कि आज श्रीमद्भगवत गीता के प्रचार प्रसार हेतु एवं उसके अथाह ज्ञान को छात्रों तक पहुंचाने के लिए एवं गीता जयंती के उपलक्ष मे इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके माध्यम से बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। निर्णायक मंडल मे उपस्थित श्रीमती मंजू ने सभी प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों की घोषणा की एवं पुरस्कार प्रदान करके छात्रों की घोषणा छात्रों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक उच्चारण से हुआ।

Monika B.Sc Final [signature] Gautam

CHAND [signature] B.A Final Chand.

# विश्व एड्स दिवस

आज दिनांक 01 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में "विश्व एड्स डे" मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या तनाशा हुड्डा कि गई। इस कार्यक्रम में छात्र जागरूकता अभियान के तहत सभी छात्रों को लाल रिबन पहनाकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। छात्रों ने पेड़ - पौधों को लाल रिबन व गुब्बारों से सजाया। छात्रों ने एड्स जागरूकता हेतु हेल्पलाइन नं. 1097 का प्रचार किया। उक्त कार्यक्रम में एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. जयविन्द्र शास्त्री श्रीमती रीनू एवं सभी स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाएँ उपस्थित रहीं।

| | | |
|---|---|---|
| Chand | B.A Final | Chand. |
| Vinit Chopra | B.A Final | Vinit |
| Mayawati | BA 2nd Yr | Mayawati |

[signature]

Sr No. 8

# स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर

आज दिनांक 13/12/2022 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में प्राचार्या तनाशा हुड्डा के निर्देशन में N.CC एवं N.S.S इकाई द्वारा डॉ० हरिओम कि अध्यक्षता में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ० जयबिन्द्र शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ से कि गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथी पूर्व विधायक श्री जसबीर देशवाल ने शिरकत की। इसमें उन्होंने रक्तदान को सर्वोच्च दान बताया। रक्तदान से आप देश की सर्वोच्च सेवा कर सकते हैं। अपने ओजस्वी वक्तव्य से उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्री रवि हुड्डा (सचिव, रेड क्रॉस सोसाइटी जीन्द) उपस्थित हुए। उन्होंने युवाओं को रक्तदान का महत्व बताया। रक्त से तीन लोगों कि जान एवं युद्ध के समय जवानों को रक्त की महती आवश्यकता के बारे में बताया। N.C.C प्रभारी प्रदीप मान जी ने बताया सामान्य हस्पताल जीन्द से आई टीम ने 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में युवाओं का विशेष योगदान रहा।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand |
| Aman | B.A 2nd year | Aman |
| Vicky | B.Com Final year | Vicky |
| Vinit Chopra | B.A Final | Vinit |

राष्ट्रीय युवा दिवस -12/01/23 राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा छात्र पुरस्कार दिया गया और विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये

गणतन्त्र दिवस (26/01/23) गणतन्त्र दिवस महाविद्यालय में धूम-धाम से मनाया गया।

एक दिवसीय कैम्प (12/02/23) आज महाविद्यालय में कैम्प के दौरान विशेष कैम्प की तैयारी एवं प्रशिक्षण दिया गया

सप्तदिवसीय (अहर्निश) विशेष शिविर

Sr No. ______

## प्रथम दिवस

⇒ आज दिनांक 24-02-2023 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों की छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा गांव सरना खेड़ी में सप्तदिवसीय अहर्निश कैंप का शुभारंभ किया गया। सभी छात्र प्रात: 08:00 बजे महाविद्यालय में एकत्रित हुए एवं सभी आवश्यक सामग्री जैसे बैनर, बर्तन, फट्टी इत्यादि एकत्रित कर 09:00 बजे गांव सरना खेड़ी पहुँचे। वहाँ सर्वप्रथम उद्घाटन में हवन यज्ञ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या तनाक्षा हुड्डा द्वारा कि गई। मुख्य अतिथी के रूप में कैप्टन अशोक कुमार ने अनुशासन की महत्वता एवं सात दिन अच्छे से कैंप खत्म करने का मार्गदर्शन दिया। गांव के सरपंच माननीय रमेश भारद्वाज जी ने गांव के चयन एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं संबंधित दिशा निर्देश दिए। N.S.S प्रभारी डॉ० जयविन्द्र शास्त्री जी ने सातों दिनों होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मध्याहन भोजन उपरांत विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता की गई। फिर व्यवस्था कि दृष्टि से 30 कमेटिज का गठन किया गया। जलपान के बाद अग्रिम दिवस की रूपरेखा पर चर्चा कि गई। सायंकाल में खेलायोजन समीक्षा, भोजन एवं प्रतिभा प्रदर्शन से कार्यक्रम का सुखद समापन हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A Final | Chand |
| Khushi | B.Sc 2nd | Khushi |
| Tamanna | BA 2nd | Tamanna |
| Vicky | B. Com final | Vicky |

Vardhman

Sr No. ________ ___/___/___

# ✳ द्वितीय दिवस ✳

शिविर के दूसरे दिन का श्रीगणेश प्रातः वंदना उपरांत योगाभ्यास एवं श्रीमद्भगवद् गीता के दूसरे अध्याय से हुआ। इसके बाद छात्रों ने नारी शक्ति, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल इंडिया, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर पोस्टर बनाए, जिसमें विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य वक्ता डॉ. अजय प्रकाश ने छात्रों को कानूनी साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार, कर्तव्यों के निर्वहन I.P.C की धाराओं एवं महिलाओं की सुरक्षा संबंधी अनेक नियम बताए। गांव में श्रमदान के पश्चात सभी ने मध्याह्न भोजन किया। इसके बाद जन - जागरण अभियान के तहत गांव में स्वच्छ भारत विषय पर जोरदार नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इसके बाद जलपान के साथ आगामी दिवस की संपूर्ण रूपरेखा पर चर्चा की गई। सायंकाल में क्रिकेट - बैडमिंटन खेल के पश्चात समीक्षा में संपूर्ण दिवस कि कमियों पर चर्चा की। इसके बाद भोजन करके सभी ने प्रतिभा प्रदर्शन में रागनी, गायन - वादन से द्वितीय दिवस का सुखद समापन किया।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand. |
| Khushi | B.Sc 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A. 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com final | Vicky |



Vardhman

Sr No.

## तृतीय दिवस

दिनांक 26/02/2023 को शिविर के तीसरे दिन का श्रीगणेश प्रातः वंदना के बाद योगाभ्यास एवं श्रीमद्भागवद् गीता के तृतीय एवं चतुर्थ अध्याय के साथ हुआ। तदोपरांत सभी स्वयंसेवक विशिष्ट व्याख्यान हेतु एकत्रित हुए जिसमें बतौर मुख्य वक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ - खेमावती से प्राध्यापक श्री मनोज जी ने शिरकत की। जिसमें उन्होंने रामायण, महाभारत एवं अनेक प्राचीन प्रसंगों के माध्यम से समाज में व्याप्त सामाजिक समरसता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह विदेशियों के कारण भारतीय संस्कृति समाप्त हो गई। इसके बाद सभी छात्रों द्वारा स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता में भाग लिया गया मध्याहन भोजन के पश्चात सभी ने ग्रामीण समाज में जागरूकता हेतु बेटी - बचाओ - बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। जलपान एवं आगामी दिवस की रूपरेखा पर चर्चा के बाद सभी ने खेलायोजन में भाग लिया। समीक्षा रात्रि भोजन के पश्चात दीप निर्वापण किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand. |
| Khushi | B.Sc. 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com final | Vicky. |

Vardhman

Sr No. ________ __/__/__

# चतुर्थ दिवस

शिविर के चतुर्थ दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 05:00 बजे उठ गए। उसके बाद सभी नित्य क्रियाओं से निवृत होकर योगाभ्यास एवं श्रीमद्भागवत गीता के अथाह ज्ञान के पाने के लिए एकत्रित हुए। अल्पाहार के पश्चात सभी ने कविता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। तदोपरांत विशिष्ट व्याख्यान हेतु राजकीय महाविद्यालय सफीदों से डॉ॰ प्रदीप मान जी उपस्थित हुए। जिसमें उन्होंने डिजिटल इंडिया कि जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सभी के लिए आधुनिक शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। समाज में डिजिटल दुनिया के प्रति गलत भ्रांतियों का भी उनके द्वारा स्टीक जवाब दिया गया। मध्याह्न भोजन के उपरांत सभी ने नशा मुक्ति पर जागरुकता हेतु गांव में नुक्कड़ नाटक एवं रैली निकाली। तदोपरांत जलपान एवं अग्रिम दिवस की रूपरेखा निर्माण के बाद सभी ने खेलायोजन पश्चात अपना शारीरिक एवं मानसिक बल बढ़ाया। समीक्षा में प्रतिदिवस कि गलतियों में सुधार करने, के बाद भोजन कर सभी रात्रि 10:00 बजे निद्रा में तल्लीन हो गए।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A Final | Chand |
| Khushi | B.Sc. 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com final | Vicky |

Sr No. ______

## -: पंचम दिवस :-

दिनांक २४/०२/२०२३ गांव सरना खेड़ी में संचालित पाँचवे दिन सभी स्वयंसेवक नित्य क्रियाओं के उपरांत योगाभ्यास एवं श्रीमद्भगवद गीता के अध्ययन ज्ञान हेतु एकत्रित हुए। अल्पाहार के उपरांत सभी वर्तमान के ज्वलंत विषयों पर निबंध लेखन के लिए एकत्रित हुए। विजयी छात्रों को प्रमाण-पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। विशिष्ट व्याख्यान में डॉ० रणधीर सैनी जी ने छात्रों को प्राथमिक उपचार का कुशल प्रशिक्षण दिया एवं अन्य रोगों से सामान्य तरह से मुक्ति के बारे में बताया। समयान्तर पश्चात हिमानी फायर स्टेशन से श्री सुरत सिंह जी ने छात्रों को आग, उसके प्रकार एवं उसे बुझाने का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया। मध्याह्न भोजन उपरांत पर्यावरण संरक्षण विषय पर ग्रामवासियों को जागरूक करने हेतु रैली निकाली। जलपान एवं दैनिक रूपरेखा पर चर्चा उपरांत सभी ने खेलायोजन में भाग लिया। समीक्षा में दैनिक गलतियों को दूर कर रात्रि भोजन उपरांत 10:00 बजे दीप निर्वापण किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A. Final | Chand |
| Khushi | B.Sc. 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A. 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com final | Vicky |

Vardhman

## षष्ठ दिवस

दिनांक 01/03/2023 को विशेष शिविर के षष्ठ दिवस पर सभी स्वयंसेवक प्रातः 05:00 बजे उठकर सुबह 06:00 बजे योगाभ्यास एवं श्रीमद् भगवद्गीता के अथाह ज्ञान को प्राप्त करने के लिए एकत्रित हुए अल्पाहार के पश्चात् सभी वाद - विवाद प्रतियोगिता के लिए एकत्रित हुए एवं अपने उत्कृष्ट विचार प्रकट किए। तदोपरांत योगाचार्य सूर्यदेव जी द्वारा भोजन के प्रकार, बिमारियों के कारण एवं रसोईघर में प्राप्त उच्चतम औषधियों के प्रयोग के बारे में बताया गया एवं महावीर सिंह बिपलानी जी ने हास्य प्रसंगों के माध्यम से जीवन को नैतिकता से जीने एवं माता - पिता व गुरुजनों के आदर - सम्मान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मध्याह्न भोजन उपरांत पर्यावरण संरक्षण पर अत्यंत प्रेरणादायी नाटक ग्रामवासियों के मध्य प्रस्तुत किया गया। जलपान पर आगामी दिवस की रूपरेखा पर चर्चा कर सभी ने खेलायोजन में भाग लिया। समीक्षा उपरांत सभी ने रात्रि भोजन कर प्रतिभा प्रदर्शन में रागनी, भजन, गायन, नृत्य को प्रस्तुत कर भी 10:00 बजे निद्रा में तल्लीन हो गए।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A Final | Chand |
| Khushi | B.Sc. 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com Final | Vicky |

Sr No.

## — सप्तम दिवस :—

दिनांक 02/03/2023 को गांव सरना खेड़ी में संचालित विशेष शिविर के अंतिम दिवस भी सभी स्वयंसेवकों ने पहले योगा कि परीक्षा दि। तदोपरांत गीता के अवशिष्ट अध्यायों का ज्ञान भी ग्रहण किया। अल्पाहार के उपरांत समापन कार्यक्रम शुरु हुआ, जिसमे बतौर मुख्यातिथी माननीय सत्यवान मान S.D.M सफीदों पहुंचे। जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये सात दिन छात्रों के जीवन परिवर्तन करते है, के बारे में विस्तार से बताया। डॉ० जयविन्द्र शास्त्री जी ने संपूर्ण कैंप कि रिपोर्ट प्रस्तुत कि एवं छात्रों ने भी अपने अनुभव साँझा किए। माननीय सरपंच श्री रमेश भारद्वाज जी ने कैंप सफलता पूर्वक समाप्त करने पर बधाई दी सभी सहयोगी सदस्यों एव ग्रामवासियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मध्याहन भोजन के पश्चात सभी ने प्रस्थान हेतु तैयारी की। अंतत: मध्याहन 02:00 बजे सभी ने महाविद्यालय हेतु प्रस्थान किया। इस प्रकार सप्तदिवसीय अहर्निश विशेष शिविर का सुखद समापन हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| CHAND | B.A final | Chand |
| Khushi | B.Sc. 2nd | Khushi |
| Tamanna | B.A. 2nd | Tamanna |
| Vicky | B.Com final | Vicky |

Sr No.

# अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21/06/23

आज महाविद्यालय सफीदों के स्वयंसेवकों एक कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा SDM के आदेशानुसार 5:45 Am पर न्यू अनाजमण्डी में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में सभी छात्र, छात्राएं एवं स्टाफ सदस्यों ने योग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सत्र - 2023-24

Sr No. ________ 26/07/2023

# पौधारोपण सप्ताह

आज महाविद्यालय सफीदों में हरियाणा सरकार के आदेशानुसार चल रहे पौधारोपण सप्ताह के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें महाविद्यालय शिक्षक परिवार सहीत सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अभियान के तहत पौधो को रोपित करने व उनका ध्यान रखने कि क्रियाओं से सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया व प्रत्येक विद्यार्थी एक-एक पौधा रोपित करेगा और उसका अपने बच्चे की भांति पालन-पोषण करेगा ऐसी प्रेरणा के साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से विद्यार्थियों को संबोधित किया और किस तरह से पौधो से ही हमारा भविष्य उज्ज्वल व उन्नत इस बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत किया।

Durga [signature] 26/7/23

## स्वतन्त्रता दिवस

आज दिनांक 15/08/23 को महाविद्यालय परिसर में पूर्ववत स्वतन्त्रता दिवस समारोह बड़ी-धूम-धाम से मनाया गया।

Vardhman

Sr No. ______

05.09.2023

# N.S.S. ओरियन्टेशन प्रोग्राम, शिक्षक दिवस, साक्षरता जागरण सप्ताह

आज राजकीय महाविद्यालय सलीदों में "राष्ट्रीय सेवा योजना" द्वारा "अभिविन्यास कार्यक्रम", "शिक्षक दिवस" और "साक्षरता जागरण सप्ताह" मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस कि बधाई देते हुए शिक्षा के महत्त्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने देश में चल रहे साक्षरता सप्ताह के प्रति छात्रों को जागरूक किया एवं साक्षर होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों पर नृत्य, गायन और कविताएं प्रस्तुत कि गई। साक्षरता दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा एक उद्देश्यपूर्ण नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को समापन कि ओर बढ़ाते हुए N.S.S. प्रभारी डॉ० जयविंद्र शास्त्री और रिनु देवी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

Sanyam

Aman

Durga

Vardhman

Sr No. ______ 2, Oct, 2023

# एक दिवसीय शिविर (प्रथम)

आज दिनांक 2 Oct 2023 को राजकीय महाविद्यालय सलीदो में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "एन. एस. एस एक दिवसीय शिविर" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत प्रातः 9:00 बजे एन. एस. एस के लक्ष्य गीत से कि गई। तत्पश्चात कार्यक्रम को समय सारणी के अनुसार आगे बढाया गया जिसमे श्रमदान, जलपान, विशिष्ट व्याख्यान व सांस्कृतिक गतिविधियाँ कि गई। शिविर कि अध्यक्षता डॉ० जयविंद्र शास्त्री एवं श्रीमती रिनु देवी ने की। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता डॉ० हरिओम ने शिरकत कि जिन्होंने अपने व्याख्यान मे स्वयंसेवकों को जीवन के विभिन्न पहलुओ से अवगत करवा साथ ही उन्होंने विद्यार्थीयो को N.S.S. के महत्त्व के बारे मे भी बताया। तदोपरांत समीक्षा कार्यक्रम रखा गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा कैम्प का सफल समापन किया गया।

Durga

Vardhman

Sr No. ______

# स्वच्छता पखवाड़ा

15 September से 2 October 2023

भारत सरकार के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय समोदी में 15 सितम्बर 2023 को "स्वच्छता पखवाड़े" की शुरुआत हुई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा ने कि। पखवाड़े के अंतर्गत संपूर्ण महाविद्यालय परिसर की सफाई कि गई जिसमें सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयं-सेविकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम 15 दिनों तक चला व इसका सफलता पूर्वक समापन 2 अक्तुबर 2023 को हुआ।

Durga

Vardhman

Sr No.

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

10-10-2023

आज दिनांक 10-10-2023 को राजकीय महाविद्यालय समीदो मे N.S.S. सैल द्वारा "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" के उपलक्ष मे एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ तनामा इड्डा ने की। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता डॉ कुशाल वीर सामान्य हस्पताल समीदो ने शिरकत की। उन्होने वर्तमान समय मे विद्यार्थियो के समक्ष आने वाली समस्याओ व उनके निवारण हेतु विद्यार्थियो को जागरूक किया। उन्होने विद्यार्थियो को एक हि लक्ष्य चुनने व निरंतर उसको पाने के लिए प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होने विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहने के लिए योगा करने कि सलाह दी।

Sr No. ________                                                                 ___/___/___

# प्रशिक्षण शिविर कम सेमिनार

आज दिनांक 19-10-2023 राजकीय महाविद्यालय सलीदो मे डॉ तनासा इड्डा, AERO-35 सलीदो की अध्यक्षता मे महाविद्यालय सलीदो के सभागार मे प्रशिक्षण शिविर कम सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय " युवाओ को मतदान हेतु पंजीकरण के लिए जागरूक करना " था। उक्त कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता श्री नरेश कुमार कानुनगो सलीदो ने सिरकतकि। उन्होने अपने वक्तव्य मे बताया कि जागरूकता के अभाव मे महिलाओं का वोट प्रतिशत काफी कम है। महिलाओं को अपने वोट के महत्व को समझना चाहिए और अपने वोट का सही उपयोग करना चाहिए। और उसके लिए जरूरी है कि पहले सभी महिलाओ का वोट बना होना चाहिए। इसके लिए उन्होने फोरम No. 6 के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम Online व Offline दोनो Mod मे रखा गया जिसमे सभी विद्यालयो, महाविद्यालयो एवं ITI से 15 प्राचार्यो ने Online व 26 Offline संबोधन मे उपस्थित हुए।

Sr No. ______

# मेरी माटी - मेरा देश अभियान

आज दिनांक        राजकीय महाविद्यालय सफीदों में मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डॉ० हरिओम व संयोजन N.S.S. अधिकारी डॉ० जयविंद्र शास्त्री व रीनू ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रांगण में "कलश यात्रा" निकाली गई। इस यात्रा में स्वयंसेवको ने मेरी माटी मेरा देश नारे के साथ संपूर्ण महाविद्यालय परिसर एवं नगर में जन जागरण अभियान चलाया। एक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विधि ने प्रथम, धनेश्वरी और मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

Durga

Vardhman

Sr No. ———

# राष्ट्रीय एकता दिवस

आज दिनांक 31 oct 2023 को राजकीय महाविद्यालय सलीदो मे N.S.S. इकाई द्वारा "राष्ट्रीय एकता दिवस" के उपलक्ष मे 'पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा महाविद्यालय प्राचार्या डा० तनाशा हुड्डा के द्वारा कि गई। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ - चढ कर भाग लिया एवं अपनी - अपनी प्रतिभा के अनुसार एक से बढ़ कर एक पोस्टर का निर्माण किया। कार्यक्रम संयोजक डा० जयविंद्र शास्त्री ने विद्यार्थीयो को लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन व चरित्र से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

Durga

Vardhman

Sr No. ______ 05/11/23

# द्वितीय एक दिवसिय शिविर (द्विति

05/11/2023

आज दिनांक 05/11/2023 को राजकीय महाविद्यालय सम्भोदा की एन. एस. एस इकाई द्वारा "द्वितीय एक दिवसीय" शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 9:00 बजे डॉ. जयविंद्र शास्त्री एवं रिनू देवी द्वारा माँ सरस्वती के चरणकमलो मे पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। डॉ जयविन्द्र शास्त्री ने अपने प्रातः कालीन उद्बोधन मे छात्रो को अध्यात्म ज्ञान से अवगत कराकर, मन पर किस तरह नियंत्रण रखना है, से विद्यार्थियो को जागरूक किया। श्रीमत्ति रिनू देवी ने छात्रो को डिप्रेशन जैसी खतरनाक समस्या से बचे रहने व निकलने के साधनो के बारे में विद्यार्थीयो को समझाया। तत्पश्चात रूपरेखा अनुसार कार्यक्रम को आगे बढाया गया व राष्ट्रगान के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

Durga

Vardhman

Sr No. ________ __/__/__

# रक्तदान शिविर

25/11/2023

आज दिनांक 25 Nov. 2023 राजकीय महाविद्यालय सफीदों में 75 वें NCC डे के उपलक्ष में नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान मे एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 15 हरियाणा बटालियन NCC जींद की तरफ से कर्नल अनुराग मेहरा ने मुख्यातिथि तथा जिला पार्षद वजीर सिंह शीला खेड़ी ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर कि अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. तनासा इक्का ने की। शिविर मे महाविद्यालय के छात्रों, NCC कैडेट्स तथा NSS स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजित शिविर में लगभग 50 Unit ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. तनासा इक्का ने किया।

# मतदाता दिवस

आज दिनांक 25/12/23 को मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर राज्यस्तरीय निबन्ध लेखन (ऑनलाईन) प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें लगभग 14 कॉलेजों से 17 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण-पत्र एवं उचित धनराशि दी गई।

Durga

Vardhman

Sr No. ______ 26/01/24

# गणतन्त्र दिवस

आज दिनांक 26/01/2024 को महाविद्यालय परिसर में गणतन्त्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। और अध्यक्षीय वक्तव्य में प्राचार्या डॉ० तनीसा हुड्डा ने छात्रों को इस दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य एवं स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

Vardhman

Sr No. ______ एक दिवसीय कैम्प (तृतीय) 11/02/24

आज 11/02/24 दिनाँक को महाविद्यालय परिसर में NSS का एकदिवसीय (तृतीय) कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें सप्तदिवसीय कैम्प की विशेष प्रशिक्षण दिया गया और तैयारियाँ करवाई गई। इसी दौरान विशेष कैम्प में कार्य करने वाली लगभग 30 कमेटियाँ भी गठित की गई। इसी दिन स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

Vardhman

# सप्तदिवसीय विशेष कैंप

Sr No. ________ ___/___/___

## प्रथम दिवस

15 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों की एन.एस.एस. इकाई (छात्र एवं छात्रा) के द्वारा गाँव करसिंधु, सफीदों में सात दिवसीय अहर्निश कैंप का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम छात्रों ने कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ द्वारा किया, जिसमें यज्ञ की वैज्ञानिक महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ॰ तनासा हुड्डा द्वारा की गई। उन्होंने छात्रों को इन सात दिनों को अच्छी प्रकार से अनुशासन में रहकर जीने के लिए प्रेरित किया और कहा इस दौरान हमारा प्रयास छात्रों को सर्वगुण संपन्न बनाने का रहेगा। गाँव के सरपंच रविंद्र बहीत ने गांव चयन के लिए महाविद्यालय का धन्यवाद किया एवं संपूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सुनीता वर्मा जी ने सभी बच्चों को अनुशासन की आवश्यकता एवं अनुशासित व्यक्तित्व की जीवनशैली के बारे में बताया। N.S.S. प्रभारी डॉ॰ जयविंद्र शास्त्री द्वारा सातों दिनों की दिनचर्या एवं कैंप में होने वाले आयोजनों के बारे में संक्षेप में बताया गया। जैसे स्वयंसेवकों द्वारा गाँव में स्वच्छता, गाँव में जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, नारी शक्ति, डिजिटल इंडिया, नशा मुक्ति, स्वच्छ भारत एवं देश प्रेम जैसे विषयों पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गाँव मे लोगों को जागरूक कर एक नवीन समाज को बनाने का अथक प्रयास किया जाएगा। इसके बाद N.S.S. अधिकारिणी मैडम रिनू ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया। दोपहर भोजन के पश्चात अगले दिन की रूपरेखा पर चर्चा तथा खेल का आयोजन किया गया। समीक्षा कार्यक्रम में प्रतिदिन की न्यूनताओं पर चर्चा की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का अनूठा प्रदर्शन किया। अत: उपरी निरीक्षण के बाद सभी निद्रा मे लीन हो गए।

Sr No. ____

# द्वितीय दिवस

राजकीय महाविद्यालय सफीदों की N.S.S इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ तनाशा हुड्डा के मार्गदर्शन मे आयोजित सप्त दिवसीय अहर्निश विशेष शिविर के दूसरे दिन का श्रीगणेश प्रातः उपरांत योगाभ्यास एवं श्रीमद्भगवद् गीता के दूसरे अध्याय हुआ। अल्पाहार के पश्चात भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विषय ना शक्ति, नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत आदि रहे। प्रतियोगिता मे विजयी छात्रों को प्रमाण से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर एवं गाँव मे श्रमदान का कार्य किया गया। विशिष्ट वक्ता के रूप मे सिविल हस्पताल सफीदों से डॉ क वीर जी पहुंचे। N.S.S अधिकारी डॉ जयविंद्र शास्त्री ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया गया। उन्होंने सभी को संतुलित आहार के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया की आज का युवा वर्ग संतुलित आहार न लेने के कारण कुपोषण का शिकार हो गया है। कार्यक्रम अधिकारिणी रीनू देवी के द्वारा मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया गया। इसके बाद जलपान के साथ अन्तिम दिन रूपरेखा पर चर्चा की गई। सांयकाल में क्रिकेट, बैडमि खेल के पश्चात समीक्षा में संपूर्ण दिवस की कमि पर चर्चा की गई। रात्रि भोजन के बाद प्रतिभा प्रदर्शन में रागनी, गायन, वादन, नृत्य, चुटकुले आदि से दूसरे दिन का सुखद समापन किया गया।

Sr No. ________ __/__/__

# तृतीय दिवस

कैंप के तृतीय दिवस का शुभारंभ तथैव प्रातः पी.टी. अभ्यास, गीतापाठ एवं योगाभ्यास से हुआ। गीतापाठ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयविंद्र शास्त्री द्वारा सभी स्वयंसेवकों को गीता के द्वितीय अध्याय के आत्मतत्व को विस्तार से समझाया। तत्पश्चात योगाभ्यास का कार्यक्रम रहा, जिसमें सभी को सूर्यनमस्कार, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भ्रामरी आसन आदि का अभ्यास करवाया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में सफीदों कोर्ट से एडवोकेट श्री हरीश वशिष्ठ ने शिरकत की, जिन्होंने सभी स्वयंसेवकों को जन-सामान्य के लिए कानूनी शिक्षा की जानकारी दी। उन्होंने सामान्य नागरिक के अधिकारों के बारे में बताया व भारतीय दंड संहिता के विषय में संक्षेप में समझाया। उन्होंने स्वयंसेवकों को दीवानी और फौजदारी मुकदमों के बीच अंतर बताए व अंत में प्रश्नकाल रहा, जिसमें लगभग 20 बच्चों ने अपने प्रश्न उनके सामने रखे। बच्चे प्रश्नों के उत्तर से भली-भांति संतुष्ट हुए। कार्यक्रम अधिकारिणी रीनू देवी ने मुख्य वक्ता को धन्यवाद किया। तत्पश्चात श्रमदान का कार्यक्रम रहा, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण को एकदम स्वच्छ व सुंदर बनाया। दोपहर भोजन के बाद "नशा मुक्ति" व "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" विषय पर पोस्टर निर्माण व स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर बुजुर्गों का सर्वे किया। सर्वे के दौरान उनसे उनके जीवन से संबंधित प्रश्नों द्वारा उनकी जीवन शैली एवं परिस्थितियों के बारे में चर्चा की। इसके बाद स्वयंसेवकों ने चाय के सेवन के साथ सर्वे के अनुभव भी साझा किए। समीक्षा के पश्चात भोजनोपरान्त रात्रि मनोरंजन के बाद सभी स्वयंसेवक शयनावस्था को प्राप्त हुए।

Vardhman

Sr No. ______

# चतुर्थ दिवस

कैंप के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ तथैव प्रातः गीतापाठ एवं योग
से हुआ। गीतापाठ मे कार्यक्रम अधिकारी. डॉ जगविंद्र शास्त्री द्वारा
स्वयंसेवकों को गीता मे वर्णित स्थिर बुद्धि व्यक्ति के लक्षणों के
बारे में बताया कि कैसे वह बोलता है? कैसे बैठता है? अथवा
चलता है। सांसारिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति के बारे मे विस्तार
से समझाया। तत्पश्चात् योगाभ्यास का कार्यक्रम रहा जिसमे योग
सतीश जी पहुंचे, उन्होंने सभी को सूर्यनमस्कार आदि आसनों
अभ्यास करवाया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम मे विशिष्ट वक्ता
रूप मे सफीदों के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश कुमार
जी ने शिरकत कि। उन्होंने सभी को आत्मनिर्भर भारत के
पर जानकारी दि। उन्होंने बताया कि कैसे हमारा देश आत्मनिर्भर
बनने की ओर अग्रसर है। सुई से लेकर पंडुबी तक हमारा देश
दौगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों को
अपने आदर्श चुनने के लिए कहा। जिससे वे अपनी प्रतिभा को
और निखार सके। कार्यक्रम अधिकारिणी रिनु देवी ने मुख्य वक्ता
धन्यवाद किया। तत्पश्चात् श्रमदान का कार्यक्रम रहा जिसमे सभी स्वयं-
सेवकों ने विद्यालय प्रांगण एवं गाँव के चौराहों को एकदम स्वच्छ
सुंदर बनाया। दोपहर भोजन के बाद "बेटीबचाओ बेटी पढाओ" विषय
पर गाँव मे रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़
नाटक के माध्यम से गाँव के लोगों को बेटी को बचाने और पढ़ाने
के बारे मे जागरूक किया। उसके बाद चायपान के साथ अगिम
दिन की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा खेल आयोजन में स्वयं-
सेवकों द्वारा बैडमिंटन, फुटबॉल जैसे खेलो का आनंद लिया। गया।
समीक्षा कार्यक्रम मे प्रतिदिन की तरह संपूर्ण दिन की न्यूनताओं पर
चर्चा की तथा रात्री के भोजन के बाद सभी ने कैंप फायर
भाग लिया तथा डायरी निरीक्षण के बाद सभी निद्रालीन हो
गए।

Vardhman

Sr No. ________ __/__/__

# पंचम दिवस

कैंप के पंचम दिवस का शुभारंभ भी प्रातः गीताज्ञान एवं योगाभ्यास से हुआ। गीतापाठ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयविंद्र शास्त्री द्वारा सभी स्वयंसेवकों को गीता के तृतीय और पंचम अध्याय में वर्णित कर्मयोग और ज्ञानयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया की फल की इच्छा और आसक्ति को त्यागकर कर्मयोगी बने। सभी बुराईयों का कारण कामना है अर्थात् कामना का त्याग करके ईश्वर का ध्यान करे। तत्पश्चात् योगाभ्यास का कार्यक्रम रहा जिसमे योग गुरु सतीश ने विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। व्याख्यान माला कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में आचार्य श्री सूर्यदेव आर्य ने सिरकत की। उन्होंने सभी को हास्य रस के माध्यम से आयुर्वेद के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वयं को सुखी रखने के कुछ बिंदु साझा किए जैसे सकारात्मक सोच एवं स्वाध्याय करना। वेदों के माध्यम से उन्होंने गायत्री मंत्र की महत्ता को अत्यंत सरल भाव से समझाया। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य की भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने घरेलू रसोई के महत्ता को समझाते हुए बताया की अत्यधिक बिमारियां बेमेल भोजन करने से होती है। अर्थात् हमें संतुलित भोजन ही करना चाहिए। अंत में प्रश्न काल रहा जिसमें स्वयंसेवकों ने अपनी जिज्ञासा के रूप में प्रश्नों को रखा। सभी छात्र प्रश्नों के उत्तर से संतुष्ट हुए। कार्यक्रम अधिकारिणी रितु देवी ने मुख्य वक्ता तथा सभा में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। तत्पश्चात श्रमदान का कार्यक्रम रहा जिसमे सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण एवं गांव के गलियों में स्वच्छता की, जिसमें ग्रामीण व्यक्तियों का पूर्ण रूप से सहयोग रहा। दोपहर भोजन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा बैडमिंटन, फुटबॉल, खो-खो, नींबू रेस आदि खेलो का आनंद लिया गया। समीक्षा के पश्चात् रात्रि भोजन ग्रहण करके सभी स्वयंसेवक प्रतिभा प्रदर्शन में शामिल हुए।

Sr No.

# षष्ठ दिवस

शिविर के छठे दिन का श्रीगणेश प्रात: वंदना उपरांत योगाभ्यास श्रीमद्भगवत गीता के छठे एवं सातवें अध्याय से हुआ। अल्प आहार ग्रहण करने के पश्चात् N.S.S. इकाई, रा. मं. सफीदों के संयुक्त तत्वा में भारत विकास परिषद् द्वारा अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. के. सी. भट्टी, मुख्य डॉ सोनिया लाम्बा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व विशेष सहयोगी डॉ अजय ने शिरकत की। मुख्य वक्ता डॉ सोनिया लाम्बा ने बालिकाओं को सं करते हुए उन्हे खान-पान एवं संतुलित आहार के बारे मे जानकारी दी। उसके बाद मेडिकल टीम के द्वारा सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की गई। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप मे डॉ हरिके प्रो. भूगोल विभाग (रा. म. वि. सफीदों) ने सिरकत की। उन्होंने आपदा प्र विषय पर सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा के बारे मे विस्तार से समझाया। उन्होंने स NDRF, NDMA, SDMA, DDMA आदि सभी आपदा प्रबंधन समितियों सेनाओं के बारे मे विस्तार से समझाया। उन्होंने PPRR इन बि पर भी विस्तार से चर्चा कि। कार्यक्रम अधिकारिणी रिनु देवी द्वारा मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया गया। दोपहर भोजन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा गाँव में "नशा मुक्ति" पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के मा से सभी ग्रामवासियों को "नशा मुक्त भारत" का संदेश दिया गया। सॉयकाल में क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, खेल के पश्चात् समीक्षा में संपूर्ण दिवस कि कमियों पर चर्चा की गई। रात्रि भोजन के बाद प्रतिभा प्रदर्शन मे रागनी, गायन, वादन, नृत्य आदि से छठे दिन का सुखद समापन किया गया।

Sr No. ________

# सप्तम दिवस

शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ भी प्रातः गीतापाठ एवं योगाभ्यास से हुआ। गीतापाठ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयविंद्र शास्त्री द्वारा गीता के अंतिम अध्याय के विषय मे जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया की गीता को अपने जीवन मे उतारने वाला व्यक्ति जीवन मे सदा खुश रहता है। अतः हमें गीता के उपदेश को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या मे अवश्य उतारना चाहिए। तत्पश्चात योगाभ्यास का कार्यक्रम रहा जिसमे योग गुरु सतीश जी पहुंचे, उन्होंने सभी को अर्ध मत्स्येन्द्र आसन, धनुरासन, ताड़ासन, बकासन, उष्ट्रासन, पर्वतासन, ब्रह्मरी आसन आदि का अभ्यास करवाया। उसके बाद कैंप समापन-सत्र का प्रारंभ किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय से N.S.S. समन्वयक डॉ जितेंद्र कुमार ने शिरकत की। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ जयविंद्र शास्त्री द्वारा कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत कि गई। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अपने कैंप के अनुभव साझा किए गए, जैसे उन्होंने कैंप से क्या सिखा एवं इससे उनकी दिनचर्या मे क्या परिवर्तन हुए आदि के बारे मे विस्तार से बताया। कुछ स्वयंसेवकों द्वारा कवितापाठ, भाषण जैसी अन्य प्रस्तुति दी गई। डॉ जितेंद्र कुमार ने अपने व्याख्यान मे सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एक गीत के माध्यम से राष्ट्र की सेवा और प्रेमभाव का संदेश दिया। उन्होंने कैंप के मुख्यबिंदु जैसे आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया आदि विषयों पर भी चर्चा की। साथ ही कैंप के सर्वोत्तम स्वयंसेवक, स्वयंसेविका और सर्वोत्तम कमेटी को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारिणी रिनु देवी ने मुख्य वक्ता व सभा मे उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन-सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवको ने भोजन ग्रहण करके बर्तन, स्वच्छता सामग्री आदि सामान एकत्रित करके शिविर स्थल से महाविद्यालय हेतु प्रस्थान किया। सभी वस्तुएं महाविद्यालय मे निश्चित स्थान पर रखकर घर के लिए चल दिए। इस प्रकार एक सुखद, रमणीय एवं ज्ञानवर्धक तथा कौशलवर्धक कैंप का समापन हुआ।

Sr No.

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21/06/24

आज दिनांक 21/06/24 को महाविद्यालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम योग शिक्षिका श्रीमती कीर्ति ने स्वास्थ्य भोजन व्यवस्था एवं योग प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और फिर सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, पर्वतासन, वज्रासन आदि विभिन्न आसन करवाये। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० जयबिन्दु एवं श्रीमती रीनू देवी ने उनका धन्यवाद किया एवं योगासनों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष डॉ० प्रदीप शर्मा, उप प्राचार्य ने शिरकत की। और उन्होंने अध्यक्षीय वक्तव्य में छात्रों को योग का इतिहास बताया और यम नियमों का पालन करने को तथा स्वस्थ रहने को कहा। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य N.S.S स्वयंसेवक तथा NCC कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर सभी को कदलीफल बांटा गया।

(हस्ताक्षर)
21/06/24

Vardhman

सत्र – 2024-25

Sr No.

# पौधारोपण अभियान

महाविद्यालय में 1/7/24 को त्रिवेणी रोपण और 24/7/24 को फलदार एवं औषधीय 105 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण स्टाफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने 'माँ के नाम' अभियान के तहत एक-एक पौधा लगाया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

## पौधारोपण विशेष अभियान

महाविद्यालय में को एक विशेष रूप से पौधारोपण विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० आशा हुड्डा द्वारा की गई। इस विशेष अभियान में सम्पूर्ण स्टाफ एवं स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

सभी ने एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी ली।

Vardhman

Sr No. ______

# ओरिएन्टेशन कार्यक्रम 03/09/24

दिनांक 03-09-2024 को महाविद्यालय मे ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यशाला मे छात्रों को एन॰ एस॰ एस॰ की स्थापना उद्देश्य, महत्व, लाभ आदि सभी बिन्दुओं के विषय मे विस्तारपूर्वक बताया गया।

मुख्य संबोधक एन॰ एस॰ एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयविन्द्र शास्त्री रहे। विशिष्ट वक्तव्य मैडम रीनू ने छात्रों को देश के विकास मे स्वंयसेवको की भूमिका के विषय मे अवगत कराया।

मैडम रीनु ने स्वंयसेवकों एवं स्वंयसेविकाओं को राष्ट्र निर्माण मे अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को समापन की ओर बढ़ाते हुए प्रभारी डा॰ जयविन्द्र शास्त्री और रिनु देवी N.S.S ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

Sr No.

## एक दिवसीय शिविर 15/9/24

आज दिनांक 15 Sept 2024 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "एन. एस. एस. एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे एन. एस. एस के लक्ष्यगीत से कि गई। तत्पश्चात कार्यक्रम को समय सारणी के अनुसार आगे बढ़ाया गया जिसमें विशेष प्रशिक्षण, श्रमदान जलपान व सांस्कृतिक गति विधियां कि गई। शिविर की अध्यक्षता डॉ० जयविन्द्र शास्त्री एवं श्रीमती रिंकु देवी ने कि। कार्यक्रम के बतौर विशेष प्रशिक्षण मे डॉ० जयविन्द्र शास्त्री ने शिरकत की जिन्होंने अपने व्याख्यान मे स्वयंसेवकों को जीवन के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को N.S.S के महत्व के बारे मे भी बताया। तदोपरांत समीक्षा कार्यक्रम रखा गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा कैंप का सफल समापन किया गया।

Anyani
[signature]

## विशेष पौधारोपण (17/9)24

महाविद्यालय मे 17 sept 2024 को विशेष पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० तनोजा हुड्डा द्वारा की गई। पौधारोपण कार्यक्रम मे अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सम्पूर्ण स्टाफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने एक-एक पौधा लगाया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

Anyani

Vardhman

Sr No. ______ __/__/__

# N.S.S. Day

## 24. September

आज दिनांक 24 सितंबर 2024 को महाविद्यालय मे प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता मे N.S.S Day बड़ी धूम-धाम से मनाया गया।

कार्यक्रम मे एक जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने आगामी चुनावों में मतदाताओं को अपने मताधिकार का सही इस्तेमाल करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं मे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता एवं N.S.S कार्यक्रम अधिकारी डॉ० जयविन्द्र शास्त्री ने N.S.S. के लक्ष्य, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से बताया। N.S.S कार्यक्रम अधिकारिणी मैडम रीनू ने स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस प्रकार हर्षोल्लास से N.S.S. दिवस मनाया गया।

Aryan Sharma B. Com IInd year (signature)
Harish B. A IInd year (signature)

## पोषण माह 1-30/09/24

Sr No. ______

आज दिनांक को महाविद्यालय मे प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता मे पोषण माह का शुभारंभ किया गया। पोषण माह 01 सितबर से 30 सितबर तक मनाया जायेगा। आज डॉ० कुशल वीर जी विशिष्ट वक्ता के रूप मे सिविल हस्पताल सफीदों से पहुँचे। उन्होने सभी को सतुंलित आहार के बारे मे बताया। उन्होने सतुंलित आहार के लिए बताया कि सतुंलित आहार वह होता है जिसमें उचित मात्रा मे सभी पोषक तत्व विद्यमान हो। आज अधिकतम व्यक्ति असतुंलित आहार लेते है जिसके कारण स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस व्याख्यान मे सभी स्वयं सेवकों और स्वयंसेविकाओं ने वं सभी स्टाफ सदस्य वहाँ उपस्थित रहे।

Aayan

## स्वच्छता पखवाड़ा 15.9.24-02/10

भारत सरकार के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे 15 सितम्बर 2024 को 'स्वच्छता पखवाड़े' की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा ने की। पखवाड़े के अन्तर्गत सपूंर्ण महाविद्यालय परिसर की सफाई कि गई। जिसमे सभी स्वयंसेवकों व स्वयसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम 15 दिनों तक चला व इसका सफलता पूर्वक समापन 2 अक्तूबर 2024 को हुआ।

Aayan

## एक द्वितीय शिविर 13/10/24

Sr No. ________

आज दिनांक 13 october 2024 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एन॰ एस॰ एस॰ एक द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे एन॰एस॰एस के लक्ष्यगीत से कि गई। तत्पश्चात कार्यक्रम को समय सारणी के अनुसार आगे बढ़ाया गया जिसमे श्रमदान, विशिष्ट व्याख्यान, जलपान व सास्कृतिक गतिविधियाँ कि गई। शिविर कि अध्यक्षता डॉ॰ जयविन्द्र शास्त्री एवं श्रमती रिनु देवी ने कि। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता डा॰ हरिओम ने शिरकत कि जिन्होंने अपने व्याख्यान मे स्वयंसेवकों को जीवन के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया साथ ही उन्होंने विद्यार्थीयों को N.S.S. के महत्व के बारे मे भी बताया। तदोपरांत समीक्षा कार्यक्रम रखा गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा कैम्प का सफल समापन किया गया।

Anupam.

## राष्ट्रीय एकता दिवस 31/10/24

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को रामलिला ग्राउंड सफीदों मे सरदार वल्लभ भाई पटेल जी कि जयंती के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया। इसमे सर्वप्रथम "रन फोर यूनिटी" का आयोजन किया गया। जिसमें NSS के स्वयसेवकों व सेवयसेविकाओं एवं NCC कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसका उद्देश्य लोगों मे आपसी एकता बनाना तथा सभी देशवासियों को एक सूत्र मे पिरो कर राष्ट्र निर्माण करना। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कैप्टन योगेश रहे। जिसमें उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस रैली का उद्देश्य बताया, इसमे राजकीय महाविद्यालय, सफीदों एवं अन्य स्कूल व कॉलेज के अध्यापकों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

Anupam

Varahman

Sr No. ⁰ संविधान दिवस ⁰ २६. 11. २४

आज राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे लीगल लिटरेसी सैल एवं एन० एस० एस द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य मे सभी स्वयंसेवकों व सभी स्टाफ सदस्यों ने संविधान के लिए शपथ ली एवं मुख्य वक्ता डॉ० स्वाति याज्ञ ने शिरकत की। जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण एवं उसके महत्व पर विस्तारपूर्वक बताया। इस कार्यक्रम मे सभी एन० एस० एस स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

Aryan

⁰ विश्व एड्स दिवस ⁰ (01/12/24)

आज दिनांक 01 दिसंबर २०२४ को राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे "विश्व एड्स दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ० तनीषा हुड्डा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम मे डॉ० कुशल सिंह (सिविल हस्पताल सफीदों) मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित रहें। इसमें मुख्य वक्ता ने एड्स के लक्षण एवं उसके बचाव के बारे में बताया। इसमें सभी स्वयंसेवक व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

| | | |
|---|---|---|
| Aryan Sharma. | B. com 2nd year | Aryan. |
| Harish | B. A 2nd year | Harish. |

Vardhman

# राष्ट्रीय युवा दिवस

Sr No. ____ 12/01/2025

आज राजकीय महाविद्यालय सफीदों मे राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष मे सूर्य नमस्कार करवाया गया यह कार्यक्रम 12/01/25 से 12/02/25 तक चलाया गया। इसमे सरकार के अनुसार सभी ~~(स्वयं)~~ एन० एस० एस० स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया एवं अन्य छात्रों ने भी सूर्य नमस्कार किया और सभी स्टाफ सदस्यों मुख्य तौर पर उपस्थित रहे और सूर्य नमस्कार मे भाग लिया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ० तनाक्षा हुड्डा द्वारा की गई। इस आयोजन मे सभी ने योग एवं सूर्य नमस्कार का आनंद उठाया।

Aryan.

## मतदाता दिवस (25/01/2025)

राजकीय महा विद्यालय सफीदों मे आज मतदाता ~~(के)~~ दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ~~(श्री)~~ प्राचार्या डॉ० तनाक्षा हुड्डा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम मे सभी एन०एस०एस० स्वयंसेवकों व स्वयसेविकाओं एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने शपथ ली। शपथ मे मतदान के विषय पर ईमानदारी एवं सही चयन व निषपक्ष भाव से व जाती-धर्म को त्याग कर शपथ ग्रहण की।

Aryan Sharma — B.Com 2nd year — Aryan.

Vardhman

Sr No.

## :- गणतन्त्र दिवस :- 26/01/25

आज दिनांक 26/01/25 को महाविद्यालय परिसर में गणतन्त्र दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, जिसमें सभी एन०एस०एस० स्वयंसेवकों व सभी स्टाफ सदस्य अन्य छात्र उपस्थित रहे। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या डॉ० ... प्रदीप शर्मा जी ने सभी को उक्त दिवस की शुभकामनाएँ दी।

Aryan.

## :- एकदिवसीय कैंप (तृतीय) :- (16/02/25)

आज 16/02/2025 को महाविद्यालय परिसर में NSS का एकदिवसीय (तृतीय) कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सप्तदिवसीय कैंप का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। और तैयारियाँ करवाई गई। इसी दौरान विशेष कैंप में कार्य करने वाली लगभग 30 कमेटियाँ भी गठित की गई। अंत में सभी स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने जलपान किया।

Vardhman

# सप्तदिवसीय विशेष कैंप

Sr No. ______

## प्रथम दिवस :

18 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों की एनएसएस इकाई (छात्र एवं छात्रा) के द्वारा गाँव रत्ताखेड़ा, सफीदों मे सप्त दिवसीय अहर्निश विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम प्रातः 8:00 बजे सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ द्वारा किया, जिसमे यज्ञ की वैज्ञानिक महत्ता के बारे मे बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० तानाशा हुड्डा द्वारा की गई उन्होंने छात्रों को इन सात दिनों को अच्छे प्रकार से अनुशासन मे रहकर कर्म द्वारा लोगों को उपदेश देने के लिए प्रेरित किया और बताया कि एनएसएस शिविरों का लक्ष्य स्वयंसेवकों को सर्वगुण संपन्न बनाना है। गाँव के सरपंच देवेन्द्र जी और विद्यालय के प्राचार्य ने गाँव चयन के लिए महाविद्यालय का धन्यवाद किया एवं संपूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ० जयविन्द्र शास्त्री द्वारा सभी अतिथिगणों के समक्ष सप्त दिवसीय शिविर की दिनचर्या एवं शिविर मे होने वाले आयोजनों के बारे में संक्षेप में बताया गया। जैसे स्वयंसेवकों द्वारा गाँव मे स्वच्छता, डिजिटल इंडिया, यातायात, नारी शक्ति, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गाँव के लोगों को जागरूक कर एक नवीन और आदर्श समाज को बनाने का अथक प्रयास किया जाएगा। इसके बाद शिविर स्थल की स्वच्छता की गई, शिविर को सुचारु प्रकार से चलाने के लिए भिन्न-भिन्न 30 कमेटियों का गठन किया गया। जैसे: मंच संचालन कमेटी, जल प्रबंधन, भोजन निर्माण, सामग्री प्रबंधन, भोजन वितरण, विद्युत कमेटी इत्यादि। इसके बाद एनएसएस अधिकारिणी मैडम रिनु महोदया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। समीक्षा कार्यक्रम मे प्रतिदिन की

Anujam

Sr No.

चर्चा की तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन किया। उसके पश्चात सास्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का अनुठा प्रदर्शन किया। अतः डायरी निरीक्षण के बाद सामूहिक दीप निर्वापन किया गया।

## :- द्वितीय दिवस :-

राजकीय महाविद्यालय सफीदों की एनएसएस इकाई द्वारा प्राचार्या डॉ तनाशा हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित सप्त दिवसीय अहर्निश विशेष शिविर के द्वितीय सभी अपने दैनिक कार्यो से निवृत होकर योगाभ्यास के लिए एकत्रित हुए। योगाभ्यास के पश्चात डॉ जयविन्द्र शास्त्री ने पुरानी गुरु-शिष्य परंपरा के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए श्रीमद भगवत गीता का पाठ आरंभ करवाया। उसके पश्चात अल्पाहार किया गया, जिसमें कदली फल और उबले हुए चनों का पौष्टिक भोजन किया गया। अल्पाहार के पश्चात विशिष्ट व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थिएटर व सिनेमा विशेषज्ञ श्री रवि मोहन का सानिध्य हमे प्राप्त हुआ। जिसमें उनका व्याख्यान विषय व्यक्तित्व विकास रहा। उन्होंने सभी को व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया और जीवन मे नाटक की अहम भूमिका के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारीणी रीनू महोदया के द्वारा मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया गया। विशिष्ट व्याख्यान के बाद विद्यालय परिसर मे श्रमदान का कार्य किया गया, सभी स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ-भाव से बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रमदान के पश्चात स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता व नारी शक्ति विषय पर बड़े सुंदर स्लोगन बनाए गए। प्रतियोगिता मे विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया इसके बाद सभी स्वंयसेवकों द्वारा मध्याहन भोजन किया गया। तत्पश्चात जोरों शोरों से रैली की तैयारी शुरू की गई, जिसका विषय स्वच्छता था। रैली मे ग्रामीण आचँल के ओत-प्रोत नारों का प्रयोग किया गया। जैसे:- ताऊ बोला ताई ते, काम करां सफाई ते। इसके बाद जलपान के साथ अगिम दिन की रुपरेखा पर चर्चा की गई। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा रात्रि भोजन किया गया

Sr No. ______

जिसमें कढ़ी -चावल, रोटी, गुड़, सलाद आदि का विशेष प्रबंध था
रात्रि भोजन के बाद प्रतिभा प्रदर्शन मे स्वयंसेवकों द्वारा
रागिनी, गायन, वादन, कविताएं आदि प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया
उसके बाद डायरी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात साक्षात दीप
निर्वापन कर द्वितीय दिवस का सुखद समापन किया गया।

## : तृतीय - दिवस :

सप्त दिवसीय अहर्निश विशेष शिविर के तृतीय दिवस
सभी स्वंयसेवक स्नान और अन्य दैनिक कार्यों से निवृत
होकर योग शिक्षक व एनएसएस स्वंयसेवक साहिल के द्वारा योग अभ्यास
करवाया गया। इसके पश्चात डॉ॰ जयविन्द्र शास्त्री द्वारा सभी स्वंयसेवकों
को गीता के द्वितीय अध्याय के आत्म-तत्व को विस्तार से समझाया गया
इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने अल्पाहार किया, जिसमे केले के फल
हलवे का पौष्टिक भोजन किया गया। अल्पाहार के पश्चात श्रमदान का कार्यक्रम
आयोजित किया गया, इसके बाद विशिष्ट व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया
श्रमदान मे स्वंयसेवकों द्वारा विद्यालय की स्वच्छता की गई व व्याख्यान माला
कार्यक्रम मे विशिष्ट वक्ता के रूप मे श्रीमती रविंद्र महोदया, गणित विभाग
पिल्लू खेड़ा महाविद्यालय से ने (स्टार्ट-अप इंडिया विषय) शिरकत की,
जिन्होंने नए उद्योग और नई तकनीकों को बनाने मे सभी स्वयंसेवक
के साथ विचार - विमर्श किया, इसके बाद मध्याहन भोजन किया गया,
जिसमें कढ़ी -चावल रोटी, सलाद और हलवे का विशेष प्रबंध था।
भोजन के तुरंत बाद रैली की तैयारी शुरू कर दी गई, जिसमे रैली का
विषय नारी सशक्तिकरण था। नाटक कमेटी द्वारा नुक्कड़ नाटक
किया गया। रैली से वापस आकर जलपान के साथ अग्रिम दिन की
रूपरेखा पर चर्चा की गई। तत्पश्चात सायं 5:00 बजे खेल
आयोजन किया गया, जिसमे आज वॉलीबॉल की प्रतियोगिता
रही। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारीयों द्वारा पूरे दिन
की गतिविधियों मे रही कमीयों पर सुझाव दिए गए और
उनके उचित सुधार भी प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात रा

Ayyan.

Sr No. ________ ____/____/____

भोजन शुरू किया गया। जो की बहुत ही स्वादिष्ट था। भोजन का आनंद लेने के बाद प्रतिभा प्रदर्शन व मनोरंजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने अपनी - अपनी प्रतिभाएँ प्रस्तुत की, जिसमे रागिनी गायन व कविताएं, चुटकुले इत्यादि रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी द्वारा डायरी निरीक्षण किया गया तथा अंत मे दीप निर्वापण कर रात्रि 10:00 बजे सभी स्वयंसेवक निद्रा मे लीन हो गए।

## :- चतुर्थ दिवस :-

सप्त दिवसीय अहर्निश विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस सभी स्वयंसेवक स्नान व अन्य दैनिक कार्यों से निवृत होकर, योग शिक्षक साहिल व उदय के सानिध्य में योगाभ्यास करवाया गया। योग से तन की शांति के बाद गीता पाठ से मन की शांति की ओर अग्रसर हुए। आज गीता पाठ में डॉ जयविन्द्र शास्त्री द्वारा कर्म के महत्व पर अर्जुन व श्री कृष्ण के संवाद का सार रूप में वर्णन किया गया। गीता के अमृत रूपी ज्ञान से जीवन के एक और अहम पहलू से परिचित होने के बाद सभी ने अल्पाहार किया। दिनचर्या में अगला कार्यक्रम प्रतियोगिता का रहा, जिसमें आज वाद- विवाद प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अपने बुद्धि कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने पक्ष में एक से बढ़कर एक तर्क प्रस्तुत किए। इसके पश्चात, विद्यालय में श्रमदान का कार्य किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के साथ कर्म के द्वारा समाज को प्रेरित करने का कार्य किया। इसके बाद विशिष्ट व्याख्यान का कार्यक्रम रहा जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि आज व्याख्यान का विषय 'सड़क सुरक्षा' था जो कि हमारे दैनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इतने अहम विषय पर प्रकाश डालने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में श्री सतपाल, एसआई, यातायात पुलिस विभाग, जींद का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने यातायात नियमों एवं सुरक्षा प्रणाली आदि का ज्ञान हमें जीवंत उदाहरणों के माध्यम से दिया। समस्त एनएसएस इकाई ने उनका धन्यवाद किया। तत्पश्चात मध्याह्न भोजन किया गया जिसमें आज खीर, आलू मटर की सब्जी, पूरी आदि स्वादिष्ट भोजन का विशेष प्रबंध था।

Sr No. ____

भोजन के तुरंत बाद रैली की तैयारी शुरू कर दी गई, जिसमें रैली का विषय यातायात सुरक्षा व नुक्कड़ नाटक का विषय सड़क सुरक्षा रहा। इस प्रकार आज रैली ने दो-दो विषयों पर प्रकाश डाला। रैली से वापस आकर जलपान के साथ अग्रिम दिन की रूपरेखा पर चर्चा की गई, उसके बाद साय: 5:00 बजे खेल आयोजन का कार्यक्रम रहा, जिसमें आज बैडमिंटन की प्रतियोगिता रही जिसमें सभी को दो टीमों में बांटा गया तथा ₹200 की नगद इनाम राशि रखी गई। इसके पश्चात बारी थी हमारी एनएसएस इकाई व इस शिविर की रीढ की हड्डी समीक्षा की, जिसमें पूरे दिन की गतिविधियों में रही कमियों पर चर्चा की गई व इस शिविर में सुझावों द्वारा उनके उचित सुधार भी प्रस्तुत किए गए कुछ व कमेटी सदस्यों में परिवर्तन भी किए गए समीक्षा के तुरंत बाद रात्रि भोजन शुरू हुआ। आज का रात्रि भोजन में विशेष रहा जिसमें देसी हरियाणवी भोजन चूरमे का विशेष प्रबंध भोजन का आनंद लेकर प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम में भी स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी प्रतिभा गायन, शायरी, कविता नृत्य आदि का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात डायरी निरीक्षण कार्य किया गया तथा अंत में रात्रि 10:00 बजे दीप निर्वाण कर दिया गया, अतः इस प्रकार चतुर्थ दिवस का समापन किया गया।

Arjun

Vardhman

Sharma

Sr No. ———— __/__/__

## पंचम दिवस

शिविर के पंचम दिवस का शुभ आरंभ योगाभ्यास द्वारा किया गया, जिसमें स्वयंसेवक साहिल और उदय ने विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया जैसे ताड़ासन, पर्वत आसन, सुखासन, सूर्य नमस्कार आसन आदि। उसके बाद गीता पाठ में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जयविंद्र शास्त्री द्वारा सभी स्वयं-सेवको को गीता के तृतीया और पंचम अध्याय में वर्णित कर्म योग और ज्ञान योग के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि फल की इच्छा और आसक्ति को त्याग कर कर्म योगी बनो सभी बुराइयों का कारण कामना है अर्थात कामना का त्याग करके ईश्वर का ध्यान करें। तत्पश्चात, अल्पाहार में स्वयंसेवको को कदली फल व उबले चने का पौष्टिक भोजन दिया गया। तत्पश्चात भाषण एवं गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए शिविर के विभिन्न विषयों जैसे यूथ फॉर माय भारत, नारी सशक्ति-करण, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, स्वच्छता, नशा मुक्ती आदि पर कविता पाठ व भाषण प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्रथम स्थान साहिल, दूसरा स्थान निधि व तृतीय स्थान नीरज ने। तत्पश्चात श्रमदान का कार्यक्रम रहा जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से विद्यालय प्रांगण एवं गांव की गलियों में स्वच्छता की जिसमें ग्रामीण व्यक्तियों का पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त हुआ। तत्पश्चात व्याख्यान माला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालाजी अस्पताल के अध्यक्ष देवेंद्र सहरावत एवं श्यामलाल जी और विशिष्ट वक्ता के रूप में पदोन्नत प्राचार्य डॉ हरिओम भूगोल विभाग अध्यक्ष (राजकीय महाविद्यालय सफीदों) ने शिरकत की। श्री देवेंद्र सहरावत ने एक निशुल्क शिविर आयोजन करने का वादा किया जो एक सौगात के रूप में था डॉक्टर हरिओम के व्याख्यान का विषय जल संरक्षण रहा। जिसमें उन्होंने बताया कि जल संरक्षण क्यों आवश्यक है व किस प्रकार हम जल का उचित उपयोग कर सकते हैं तथा आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण कर सकते हैं। जल संरक्षण के लिए उन्होंने अनेक विधियां अपना ने का

Sr No.

सुझाव दिया जैसे कि जल का संचयन, जल का पुनर्चक्र
और जल के अनुचित उपयोग को रोकना। उन्होंने
संरक्षण के लिए सरकारी योजनाओं पर विस्तार से च
की। कार्यक्रम अधिकारिणी रेनू महोदया के द्वारा मुख
अतिथि व मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया गया। मध्या
भोजन में स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था
की गई जिसमें खीर, मिक्स वेज, दाल आदि व्यंज
शामिल रहे। उसके बाद गांव में नशा मुक्ती विषय पर रै
एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ ना
के माध्यम से सभी ग्राम वासियों को नशा मुक्ति, न
मुक्त भारत का संदेश दिया गया। तत्पश्चात अगि
दिन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सयंकाल में खेल
आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों की बैडमिंटन
प्रतियोगिता की गई व अन्य खेल जैसे फुटबॉल, खो-खो
आदि खेलों में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खे
के पश्चात समीक्षा में संपूर्ण दिन की कमियों पर चर्चा की
रात्रि भोजन के बाद सभी स्वयंसेवकों ने कैंफायर का
आनंद लिया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने देशभक्ति व
गीत गुनगुनाए, राज्य एनएसएस अधिकारी हरियाणा
गीतों की सराहना की, व उन्हें यह गीत इतनी पसंद अ
की उन्होंने एनएसएस हरियाणा के सोशल मीडिया अक
पर अपलोड किया व एनएसएस इकाई राजकीय महा
-विद्यालय सफीदों को हृदय से बधाई दी। तत्पश्चात
कार्यक्रम अधिकारीयों द्वारा स्वयंसेवकों की डायरी
निरीक्षण का कार्य किया गया। उसके बाद साक्षात दीप
निर्वापण किया गया।

Agyani

Vardhman

Sr No. ________ ____/____/____

## षष्ठ दिवस

शिविर के छठे दिन का श्री गणेश योगाभ्यास एवं श्रीमद् भगवत गीता के छठे एवं सातवें अध्याय से हुआ। अल्पाहार में उबले चने, केले व अन्य स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ परोसे गए। उसके पश्चात स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बालाजी अस्पताल के अध्यक्ष श्री देवेंद्र सरावत जी और श्री श्यामलाल जी का पूरा सहयोग रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर में समस्त एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और गांव के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई। जिन में रक्तचाप, रक्त जांच और अन्य बीमारियों की जांच शामिल हैं। तत्पश्चात विद्यालय के विभिन्न हिस्सों में साफ सफाई की गई। साथ ही स्कूल में साइकिल स्टैंड के लिए एक स्वच्छ और व्यवस्थित स्थान तैयार किया गया और विद्यालय प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार की पौधों की क्यारियां तैयार की गई जिससे विद्यालय के परिसर की स्वच्छता और सुंदरता में वृद्धि हुई। उसके पश्चात मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन शामिल रहे, जैसे दाल, चावल, रोटी हलवा और अन्य स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। भोजन के बाद व्याख्यान माला का कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री प्रदीप मान कम्प्यूटर विभाग अध्यक्ष (राजकीय महाविद्यालय सफीदों) ने शिरकत की। उन्होंने सभी को डिजिटल साक्षरता के विषय पर अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल तकनीक का उपाय करते समय सावधानी से काम करना व व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। और समय-समय पर अपने डिवाइस को नियमित रूप से अपडेट करें। उन्होंने हमें डिजिटल साक्षरता के महत्व के बारे में बताया और हमें ऑनलाइन तरीके से

पढ़ाई करने से हमें विभिन्न प्रकार के लाभ हो सकते हैं
जैसे ऑनलाइन कक्षाएं और वेबीनार में भाग लेना,
ऑनलाइन पाठ्यक्रम और डिग्री प्राप्त करना, ऑनलाइन पुस्तकों
और संसाधनों का उपयोग करना, ऑनलाइन परीक्षाओं और
मूल्यांकन देना, ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना और
अन्य सरकारी सेवाओं का लाभ उठाना आदि के बारे में
अवगत किया। कार्यक्रम अधिकारिणी रेनु महोदया
मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। तत्पश्चात अगले दिन
की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सायंकाल में खेल आयोजन
में विभिन्न प्रकार के खेलों की प्रतिस्पर्धा करवाई गई।
जिसमें ए टीम की ओर से नेहा का प्रथम स्थान
रहा और बी टीम की ओर से सिमरन का दूसरा
स्थान रहा तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया गरिमा
ने। खेल के पश्चात समीक्षा में संपूर्ण दिन की
कमियों पर चर्चा की गई। रात्रि भोजन में दाल,
चावल आदि व्यंजन रहे। उसके बाद सभी स्वयंसेवकों
ने कैंपफायर का आनंद लिया। तत्पश्चात कार्यक्रम
अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों की डायरी निरीक्षण का
कार्य किया गया, उसके बाद सभी निद्रा में तल्लीन
हो गए।

(सप्तम)

Sr No. ______

## सप्तम दिवस

शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ भी प्रातः योग अभ्यास एवं गीता पाठ से हुआ। योग अभ्यास कार्यक्रम के दौरान, योगा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गौरव ने अपनी उत्कृष्ट योग क्षमता का प्रदर्शन किया, द्वितीय स्थान पर रुचि और तृतीय स्थान पर आर्यन ने अपनी योग क्षमता का प्रदर्शन किया। उसके बाद गीता पाठ मे कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जविंदर शास्त्री द्वारा गीता के अंतिम शेष अध्यायों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि गीता को अपने जीवन मे उतारने वाला व्यक्ति जीवन मे सदा सुखी रहता है अतः हमें गीता के उपदेश को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में अवश्य उतारना चाहिए। अल्पाहार के उपरान्त शिविर समापन सत्र का प्रारंभ किया गया। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ तनासा हुड्डा (राजकीय महाविद्यालय सफीदों) और मुख्य वक्ता पदोन्नत डॉ प्राचार्य प्रदीप शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे सरपंच महोदय सुरेश ने शिरकत की। कार्यक्रम अधिकारिणी रेणु महोदया के द्वारा कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अपने कैंप के अनुभव साझा किए गए। जैसे उन्होंने कैंप से क्या सिखा एवं इसमें उनकी दिनचर्या मे क्या परिवर्तन हुआ आदि के बारे में विस्तार मे बताया। कुछ स्वयंसेवकों द्वारा कविता पाठ, गीत, जैसी अन्य प्रस्तुति दी गई। उसके बाद विशिष्ट अतिथि सरपंच महोदय ने सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्होंने शिविर के दौरान बहुत ही अच्छा कार्य किया व स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और अन्य गतिविधियों की भी प्रशंसा की। तत्पश्चात श्री प्रदीप शर्मा ने अपने व्याख्यान मे सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा यह शिविर न केवल सेवा का अवसर है बल्कि यह आपके लिए सिखने और विकास का भी अवसर है, उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को आगे बढने के लिए

Sr No.

प्रेरित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष। डॉक्टर तनासा द्विड्डा ने शिविर के शुभ समापन के अवसर पर सभी को बधाई दी और भविष्य में भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरस्कार वितरण में कैंप के सर्वोत्तम स्वयंसेवक गौरव व सर्वोत्तम स्वयंसेविका निधि और सर्वोत्तम कमेटी (खेल कमेटी व आतिथ्य सेवा कमेटी) को मेडल में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया व सामुहिक भाव चित्र लिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयविन्द्र के द्वारा क्रमानुसार सभी का धन्यवाद किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण किया, जिसमें गाजर हलवा, मटर पनीर, चावल, पूरी आदी स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था की गई थी। उसके बाद स्वयंसेवकों ने बर्तन, स्वच्छता सामग्री आदि समान एकत्रित करके शिविर स्थल से महाविद्यालय के लिए प्रस्थान किया। सभी वस्तुएं महाविद्यालय में सुनिश्चित स्थान पर रखकर घर के लिए रवाना हुए। इस प्रकार एक सुरक्षित, रमणीय, ज्ञानवर्धक तथा कौशलवर्धक कैंप का समापन हुआ।

Aayan
Shadan

Sr No.

# पंजीकरण अभियान

Dep. of Higher education के आदेशानुसार सत्र 2025-26 के लिए 1 अगस्त से 31 अगस्त तक सभी महाविद्यालयों में N.S.S. का पंजीकरण अभियान चलाया जाना सुनिश्चित किया गया। इस आदेश का पालन (अनुसरण) करते हुए दिनांक 1 अगस्त 2025 से राजकीय महाविद्यालय सफीदों की NSS इकाई द्वारा महाविद्यालय में NSS के पंजीकरण शुरू किए गए तथा रैली के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों को NSS के प्रति जागरूक किया गया। प्रथम दिन ही विद्यार्थियों का NSS के प्रति उत्तम रुझान देखा गया एवं प्रथम दिन ही दोनों इकाईयों में 30-30 से अधिक पंजीकरण पूर्ण हुए। 31 अगस्त तक इकाई I (छात्र) में 105 छात्रों का पंजीकरण और इकाई II (छात्रा) में पंजीकरण हुआ।

## : स्वतंत्रता दिवस :

आज दिनांक 15-08-2025 को महाविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस धूम-धाम से मनाया गया। जिसमें लगभग 20 स्वयंसेवक एवं 15 स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ० तनाशा हुड्डा द्वारा की गई एवं ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ० जयवीरेन्द्र शास्त्री एवं अधिकारिणी श्रीमती रेनू मैम सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया व अंत में लड्डू से मुँह मिठा कराया गया।

Vardhman

Sr No. ________

# शिक्षक दिवस

आज राजकीय महाविद्यालय सफीदों में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय उपप्राचार्या डा० सरला सहरावत ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस कि बधाई देते हुए शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों पर नृत्य, गायन और कविताएं प्रस्तुत कि गई। कार्यक्रम को समापन कि ओर बढ़ाते हुए NSS प्रभारी डा० शंकर शास्त्री और रिनु देवी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



# पौधारोपण अभियान

Sr No. ______

महाविद्यालय में 18 Sept, 2025 विशेष पौधारोपण का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय सफीदों की एनएसएस तथा एनसीसी इकाई द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला सहरावत ने की। इस मौके पर कॉलेज परिसर में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का प्रण लिया। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. सरला सहरावत ने कहा कि हम सबको इस अभियान को घर-घर तक लेकर जाना है। पर्यावरण के लिए पेड़-पौधे आवश्यक है।

... एक पौधा ... करना चाहिए। ... सरबजीत, भावना, अमित, डॉ. शंकर ... थे।

**Reporter Mahabir Mittal**
18 Sep ·

राजकीय महाविद्यालय में लगाए फलदार व छायादार पौधे
सफीदों, (महाबीर मित्तल): राजकीय महाविद्यालय सफीदों की एनएसएस तथा एनसीसी इकाई द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला सहरावत ने की। इस मौके पर कॉलेज परिसर में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का प्रण लिया। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. सरला सहरावत ने कहा कि हम सबको इस अभियान को घर-घर तक लेकर जाना है। पर्यावरण के लिए पेड़-पौधे आवश्यक है। हर किसी को जीवन में एक पौधा अवश्य लगाकर उसका पालन-पोषण करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. जयविन्द्र शास्त्री, सरबजीत, भावना, डॉ. सुनील देवी, डा. रुचि भारद्वाज, अमित, डॉ. शंकर शर्मा व मंजू विशेष रूप से मौजूद थे।



Sr No.

# स्वच्छता पखवाडा

20/09/2025

भारत सरकार के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय सफीदो में 20 सितम्बर 2025 को 'स्वच्छता पखवाड़े' की शुरुआत की गई। पखवाड़े के अन्तर्गत संपूर्ण महाविद्यालय परिसर की सफाई कि गई। जिसमें सभी स्वयंसेवको एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम 1 दिन तक चला व इसका सफलता पूर्वक समापन हुआ।



Sr No.

29/09/25

# नशा मुक्ति शपथ

आज दिनांक 29-09-2025 को राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉ सरला सहरावत द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति कि शपथ ली। सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई कि "हम कभी नशिले पदार्थों का कभी सेवन नहीं करेगे और न किसी को करने देगे।



30/09/25

Sr No.

## नशा मुक्ति पर साइकिल रैली

आज दिनांक 30-09-2025 को राजकीय महाविद्यालय सफीदों में नशा मुक्ति पर साइकिल रैली की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉ सरला सहरावत द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस रैली के माध्यम से जनता को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया।



Vardhman